बोइंग स्टारलाइनर की पहली क्रू टेस्ट फ्लाइट

स्रोत: द हिंदू

एटलस V रॉकेट दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्रियों, **बैरी विल्मोर और सुनीता विलियम्स** के साथ उड़ान भरने को तैयार है, जो बोइंग द्वारा निर्मित स्टारलाइनर नामक क्रू कैप्सूल पर सवार हैं।

- यह कैप्सूल की **तीसरी परीक्षण उड़ान (Test Flight)** तथा **अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहली उड़ान** है, जिसका लक्ष्य उन्हें लो अर्थ ऑर्बिट में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) तक पहुँचाना है।
    - यदि यह सफल रहा तो अमेरिका अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने में **सक्षम दो अंतरिक्ष यानों** के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगा।
    - वर्तमान में, **स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान** एकमात्र अंतरिक्ष यान है, जो पृथ्वी पर महत्त्वपूर्ण वस्तुओं को वापस ला सकता है और यह **मनुष्यों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान** है।
- स्टारलाइनर एक अंतरिक्ष यान है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाता है, इसे एक रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया जाता है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री आवास के लिये एक **क्रू (Crew) कैप्सूल** होता है, जिसे पुन: प्रवेश के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो एक**गैर-पुन: प्रयोज्य सर्विस मॉड्यूल** जीवन समर्थन (Life Support) और प्रणोदन प्रणाली प्रदान करता है।

और पढ़ें: नासा का बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boeing-starliner-s-first-crewed-test-flight